राष्ट्रीय
सहारा
05.12.2018

कैम्पस प्लेसमेंट के तीसरे दिन 75 विद्यार्थियों को जॉब ऑफर

वाराणसी (एसएनबी)। आईआईटी, बीएचयू में एक दिसम्बर से चल रहे कैम्पस प्लेसमेंट के तीसरे दिन 75 विद्यार्थियों को 78 जॉब ऑफर मिले हैं। इनकों 20 लाख से आठ लाख का ऑफर मिला है। इस वर्ष अबतक 129 कंपनियां यहां आ चुकी है जो जो 546 विद्यार्थियों को 624 जॉब ऑफर दे चुकी हैं।

आईआईटी, बीएचयू में चल रहे कैंपस प्लेसमेंट के तीसरे दिन मंगलवार का अंतिम चरण समाप्त होने तक 25 कंपनियों ने 75 विद्यार्थियों को 98 जॉब ऑफर किये। इसमें सर्वाधिक 20 लाख और न्यूनतम 8 लाख रूपये का सालाना पैकेज दिया गया। मंगलवार को पहला चरण समाप्त होने तक आठ कंपनियों में इंटरव्यू के दौर चलते रहे। सोमवार को इंटरव्यू लेने पहुंची 25 कंपनियों में रिलायंस जियो, सिनोप्सिस, इलास्टिक रन, बनी मेलन, सेपियंट, वेरिटास, टाटा स्टील, सिटी पूणे, फायर आई, रिलायंस जियो (एसडीई), यूलर, माईकर्मा, सैमसंग दिल्ली, मारूति, आईथ्री नेटवर्क, मैथवर्क। फ्यूचर फर्स्ट, रिलायंस जियो (आर एंड डी), माइक्रोलैंड, क्वांटिफि, एमएक्यू, यूबीएस, एक्सेला, डिलॉयटी, टेलेस्ट्रा शामिल रही।

आईआईटी

मंगलवार के पहले चरण में आठ कंपनियों ने लिये इंटरव्यू : ऑप्टम (एसडीई), एक्सट्रीया, हॉनिटवेल, इंडशाइनी, टाटा कम्यूनिकेशंस, टाटा स्टील, एचसीएल, जेडएस एसोसिएट्स।